प्रेस विज्ञप्ति

तटरक्षक हूबरक्राफ्ट द्वारा सुदूर चौथे द्वीप रामेश्वरम् में 17 किलोग्राम गांजा जब्त

मंडपम- 31 अगस्त 16. तटरक्षक ने सीमा शुल्क एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर रामेश्वरम् के निकट चौथे द्वीप में 17.050 किग्रा गांजा जब्त किया।

चौथे द्वीप में विनिषिद्ध वस्तुओं के यानांतरण की संभावना की सूचना मिलने पर तटरक्षक स्टेशन मंडपम ने हूबरक्राफ्ट एसीवी एच-190 को नियोजित किया तथा सीमा शुल्क प्रतिनिधियों के साथ मिलकर संयुक्त तलाशी अभियान प्रारंभ किया। हूबरक्राफ्ट को चौथे द्वीप रामेश्वरम के तट के पास तैनात किया गया। सर्च पार्टी ने तलाशी का काम शुरू किया।

चौथे द्वीप रामेश्वरम् के निकटवर्ती क्षेत्र की सघन तलाशी के परिणामस्वरूप 17.50 किग्रा गांजा जब्त किया गया। ब्राउन पेपर में लिपटे हुए 08 पैकेट को पॉलीथीन बैग के अंदर रखकर रेत के नीचे दबाया गया था। कुछ और विनिषिद्ध वस्तुओं एवं अपराधियों/नौका के छुपे होने की संभावना के कारण समूचे क्षेत्र की सघन तलाशी की गई। परंतु कोई नौका/व्यक्ति दिखाई न पड़ा।

हूबरक्राफ्ट के मंडपम पहुँचने पर जब्त की गई विनिषिद्ध वस्तुओं को सीमा शुल्क के पदाधिकारियों को सौंप दिया गया। संदेह किया गया कि ये विनिषिद्ध वस्तुएं आंध्रप्रदेश से तस्करी द्वारा लाई गई थी तथा इन्हें श्रीलंका को भेजने की योजना थी। लेकिन विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों द्वारा बढ़ाई गई सुरक्षा उपायों के कारण तस्कर अपने गूढ़ अभिप्राय को पूरा कर पाने में सफल न हुए। खेप को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पार एजेंटों को पहुँचाने की योजना थी। सीमा शुल्क, पुलिस, एनसीबी की सहायता द्वारा सघन छानबीन की जा रही है।

भारतीय तटरक्षक स्टेशन मंडपम अन्य आसूचना एजेंसियों के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाये हुए है ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनर्रावृत्ति न हो सके, उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी 16 जून 15 को धरती के अंतिम छोर धनुषकोडी में भारतीय तटरक्षक ने 652 किग्रा गांजा जब्त किया था।